University of Lucknow | Centennial Celebrations
लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी उत्सव

डॉ0 विनोद कुमार सिंह
कुलसचिव

Dr. Vinod Kumar singh
Registrar

लखनऊ विश्वविद्यालय
लखनऊ 226007(उ.प्र.)भारत
University of Lucknow
Lucknow-226007(U.P)INDIA

संख्या ............

दिनांक............

# कार्यालय ज्ञाप

स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत स्वच्छता पखवाड़ा–स्वच्छता ही सेवा 2023 का आयोजन किया जा रहा है, के क्रम में मा0 कुलपति महोदय के आदेश के अनुपालन में दिनांक 01.10.2023 को लखनऊ विश्वविद्यालय में निम्नानुसार स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया जाना है :–

1. विश्वविद्यालय के उभय परिसर में दिनांक 01.10.2023 को प्रातः 10.00 बजे से समस्त विभागाध्यक्ष अपने विभाग के शिक्षकों एवं कर्मचारियों के सहयोग से विशेष स्वच्छता अभियान चलाते हुए अपने विभाग में स्वच्छता अभियान चलायेंगे।
2. समस्त छात्रावास के अभिरक्षक/अभिरक्षिका, अपने छात्रों एवं कर्मचारियों के सामूहिक प्रयास से समस्त छात्रावासों में दिनांक 01.10.2023 को प्रातः 10.00 बजे से विशेष सफाई अभियान चलायेंगे।
3. सचिव, विश्वविद्यालय कीडा परिषद्, विश्वविद्यालय के कीडा स्थलों को उपरोक्तानुसार साफ–सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित कराते हुए विशेष सफाई अभियान में अपना योगदान देने का कष्ट करें।
4. लखनऊ विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर में टैगोर पुस्तकालय मैदान में समस्त की सहभागिता से दिनांक 01.10.2023 को प्रातः 10.00 बजे से उपरोक्तानुसार विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा । मुख्य परिसर के समस्त अन्य शिक्षकों/शिक्षणेत्तर कर्मचारियों से अनुरोध है कि अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का कष्ट करें।
5. विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर के शिक्षक/शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के सामूहिक प्रयास से प्रशासनिक भवन के सामने विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा। द्वितीय परिसर के समस्त अन्य शिक्षकों/शिक्षणेत्तर कर्मचारियों से अनुरोध है कि अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

(डॉ0 विनोद कुमार सिंह)
कुलसचिव

संख्या–GA-22499-520 दिनांक–30/09/2023

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
3. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/निदेशक/समन्वयक/इंचार्ज।
4. **समस्त प्राचार्य/प्राचार्या, सहयुक्त महाविद्यालय को इस आशय से प्रेषित कि अपने महाविद्यालय में भी उपरोक्तानुसार विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर महाविद्यालयों में सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करायेंगे।**
5. वित्त अधिकारी/परीक्षा नियंत्रक, ल0वि0 कुलानुशसक, ल0वि0
6. निदेशक, आईपीपीआर/निदेशक, द्वितीय परिसर/निदेशक, सांस्कृतिकी, ल0वि0 कार्य अधीक्षक, निर्माण विभाग, ल0वि0।
7. अधीक्षक, गार्डेन एण्ड ग्राउण्ड, ल0वि0 को समस्त आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करवाने हेतु प्रेषित।
8. समस्त सहायक कुलसचिव/उपकुलसचिव, ल0वि0
9. इंचार्ज, वेबसाइड को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि समस्त को ई–मेल करने का कष्ट करें।

कुलसचिव